व्रत ग्यारस का सबसे महान

व्रत ग्यारस को सबसे महान,
करो नित विष्णु जी का ध्यान,
व्रत ग्यारस को...

जिस घर में राधे मात पिता है,
मात पिता हे राधे मात पिता है,
राधिके वह घर आज्ञा धाम,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में राधे सास-ससुर हैं,
सास ससुर है राधे सास ससुर हैं,
राधिके वह घर सेवा धाम,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में राधे बहन भांजी,
बहन भांजी राधे बहन भांजी,
राधिके वह घर पुण्य समान,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में राधे पति की सेवा,
पति की सेवा राधे पति की सेवा,
राधिके वह घर स्वर्ग समान,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में राधे गौ माता की सेवा,
गो माता की सेवा राधे गोमाता की सेवा,
राधिके वह घर सेवा धाम,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में तुलसी की पूजा,
तुलसी की पूजा राधे तुलसी की पूजा,
राधिके उस घर आमै शालिग्राम,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में संतों की सेवा,
संतों की सेवा ऋषि-मुनियों की सेवा,
राधिके वह घर तीरथ धाम,
व्रत ग्यारस को.....

जिस घर में हरि कीर्तन होवे,
कीर्तन होवे हरि सत्संग होवे,
राधिके वह घर मुक्तिधाम,

व्रत ग्यारस को.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27058/title/vart-gyaras-ka-sabse-mahan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |